**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 20-12-2005**
**Participants : Mishra Dr. Rajesh Kumar**

>

Title :Regarding need to take steps for modernization of Madarsas in Uttar Pradesh.

**डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) :** महोदय, उत्तर प्रदेश में मदरसों को आधुनिक बनाने की योजना 1990 के दशक में प्रारंभ हुयी और मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर राज्य के 365 मदरसों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम की शुरूआत की थी। पहले चरण में इनमें से 165 मदरसों में इस योजना की शुरूआत की गयी। सरकार ने इसके बाद घोाणा की कि दूसरे चरण में इन मदरसों का कम्प्यूरीकरण किया जायेगा। केन्द्र सरकार ने इस योजना की शुरूआत मदरसों में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की थी और अनुदान प्राप्त मदरसों में इसके लिए गणित, अंग्रेजी तथा विज्ञान के दक्ष शिक्षकों की नियुक्ति की जानी थी। किंतु, किन्ही कारणों से यह योजना मूर्त रूप नहीं ले पायी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने 7 जनवरी, 2005 को आदेश जारी कर राज्य के सभी जिलों के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को हिदायत दी है कि इस योजना को रोक दें। इसके अतिरिक्त मदरसों का स्तर सुधारने वाली तीन अन्य योजनाएं भी स्थगित कर दी गयी हैं। प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेश में यह कहा गया है कि केन्द्र सरकार इस योजना के लिए धन उपलब्ध नहीं करा रही है और बिना केन्द्र सरकार के सहयोग के इसे पूरा नहीं किया जा सकता।

मेरी भारत सरकार से मांग है कि इस मामले की जांच करायी जाये और मदरसों के आधुनिकीकरण का काम शीघ्र शुरू करवाया जाये।